**ME 119**

Sl. No.

# SSLC MODEL EXAMINATION, MARCH - 2022

## HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours

Total Score : 40

**सामान्य निर्देश :**

- नियत समय के अलावा 15 मिनिट का कूल ऑफ़ टाइम है। यह समय प्रश्नों से परिचय पाने और उत्तर लिखने की तैयारी के लिए है।
- अलग-अलग स्कोर के प्रश्न अलग-अलग भागों में दिए गए हैं।
- प्रश्नों से संबंधित सूचनाएँ ठीक से समझकर उत्तर लिखें।
- स्कोर, समय आदि पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
- 1 से 24 तक के प्रश्नों के लिए अधिकतम स्कोर 40 है।

Score

### भाग - I

**(1 से 9 तक के प्रश्नों के लिए एक-एक अंक है।)**

**सूचना : 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें। प्रथम तीन प्रश्नों के संभावित उत्तर कोष्ठक में दिए गए हैं।** 1x4=4

1. 'लेकिन मुझे फेंको मत!' -किस कविता की पंक्ति है?

   (क) अकाल और उसके बाद (ख) टूटा पहिया

   (ग) बच्चे काम पर जा रहे हैं (घ) हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था

2. मोहल्ले की किसी शादी में नीली-खाकी स्कूल यूनिफ़ॉर्म पहने कौन आता था?

   (क) मिहिर (ख) मोरपाल

   (ग) रणविजय (घ) भाटी सा

3. 'कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास' -चूल्हा क्यों रो रहा था?

   (क) ठंड के कारण (ख) बारिश के कारण

   (ग) अकाल के कारण (घ) महामारी के कारण

4. 'पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा।' -यह किसने कहा?

5. बेला के रिबन का रंग बीरबहूटी का रंग जैसा था। वह रंग कौन-सा है?

6. ठाकुर के कुएँ से पानी लेने कौन चुपके से जाती है?

**सूचना : 7 से 9 तक के प्रश्नों के सही उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें।** 1x3=3

7. 'बूढ़ा मल्लाह गज़ल सुनाता है।' -इसमें विशेषण शब्द कौन-सा है?
   (क) मल्लाह (ख) गज़ल
   (ग) सुनाता है (घ) बूढ़ा

8. फूलदेई के त्यौहार के लिए कब तक बच्चे फूल चुनते हैं?
   (क) सुबह तक (ख) देर शाम तक
   (ग) दुपहर तक (घ) रात भर

9. 'गुठली तो पराई है' किस प्रकार की रचना है?
   (क) कविता (ख) यात्राविवरण
   (ग) संस्मरण (घ) कहानी

## भाग - II

**(10 से 12 तक के प्रश्नों के दो-दो अंक हैं।)**

**सूचना : निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखें।** 2x1=2

10. "बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए।" दुकानदार ने यह किससे कहा? क्यों कहा?

**सूचना : 11 से 12 तक के प्रश्नों में से किसी <u>एक</u> का उत्तर लिखें।** 2x1=2

11. "मुझे वह नहीं जानता था, मेरे हाथ बढ़ाने को जानता था।" -नीचे की तालिका देखें और लिखें कि **'मेरे'** किनका संयुक्त रूप है?

| मुझे | | मेरे | |
|---|---|---|---|
| मैं | को | ..... | ..... |

Score

12. 'बच्चे, बहुत छोटे-छोटे बच्चे / काम पर जा रहे हैं।' -ये पंक्तियाँ किस सामाजिक समस्या को व्यक्त करती हैं? इसपर **आपका विचार** लिखें।

## भाग - III

**(13 से 17 तक के प्रश्नों के तीन-तीन अंक हैं।)**

**सूचना : 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।** 3x3=9

13. "मैं / रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ / लेकिन मुझे फेंको मत!"
टूटा पहिया ऐसा क्यों कहता है?

14. गंगी अपने पति के लिए रात को पानी लेने निकलती है। संकेतों की सहायता से 'ठाकर का कआँ' कहानी की गंगी की **चरित्रगत विशेषताओं** पर टिप्पणी लिखें।
- पति के प्रति प्यार
- विद्रोही दिल
- साहस

15. 'सबसे बड़ा शो मैन' पाठ के आधार पर सही मिलान करें।


| | |
|---|---|
| माँ की आवाज़ | स्टेज पर भेजने का हठ किया। |
| मैनेजर ने चार्ली को | तालियाँ बजाने लगे। |
| दर्शक खुशी से | फुसफुसाहट में बदल गई। |

16. 'आई एम कलाम के बहाने' पाठ के आधार पर **तीन सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें।
- नील माधव पांडा की फ़िल्म है 'आई एम कलाम'।
- कलाम और रणविजय फ़िल्म के पात्र हैं।
- रणविजय स्कूल जाना पसंद करता है।
- छोटू खुद अपना नाम 'कलाम' रख लेता है।
- रणविजय चाय की दुकान में काम करता है।

Score
3x1=3

**सूचना : निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखें।**

**17.** वाक्य **पिरामिड** की पूर्ति करें।
(त्यौहार में, फूलदेई के, गीत)




**भाग - IV**

**(18 से 22 तक के प्रश्नों के चार-चार अंक हैं।)**

**सूचना : 18 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> के उत्तर लिखें।** 4x2=8

**18.** मिहिर और मोरपाल स्कूल के दोस्त थे। मिहिर घर से राजमा चावल लाता है और मोरपाल छाछ। दोनों खाने की अदला-बदली करते हैं। इस समय मिहिर और मोरपाल के बीच की **बातचीत** लिखें।

मिहिर : अरे यार ! क्या है तुम्हारे टिफिन में !

मोरपाल : ..........................................................

**19.** कवि और कविता का परिचय देते हुए इन पंक्तियों का **आशय** लिखें।

> कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
> कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
> कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
> कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।

**20.** 'बीरबहूटी' कहानी के इस प्रसंग के आधार पर बेला की **डायरी** लिखें।

> साहिल बेला का रिपोर्ट कार्ड देख रहा था और बेला साहिल का। आज आखिरी बारी वे एक-दूसरे की कोई चीज़ को छूकर देख रहे थे। बेला की आँखों में आँसू आ गए थे। "तुम्हारी आँखों में आँसू क्यों आ रहे हैं बेला?" "मुझे क्या पता।" बेला ने डबडबाई आँखों से हँसते हुए कहा।

Score
**सूचना : 21 से 22 तक के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।** 4x1=4

21. निम्नलिखित संकेतों के आधार पर 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के लिए **पोस्टर** तैयार करें।
- जनवरी 24, राष्ट्रीय बालिका दिवस
- 'लड़का-लड़की' में भेदभाव न हो
- सब पढ़ें सब बढ़ें
- समानता सबका अधिकार

22. मोहन राकेश भोपाल ताल में रात के समय यात्रा करते हैं। अपनी सैर के अनुभवों का ज़िक्र करते हुए वे एक मित्र को पत्र लिखते हैं। संकेतों की सहायता से **पत्र** लिखें।
- अविनाश के साथ नाव में सैर
- सर्दी का मौसम
- बूढ़ा मल्लाह अब्दुल जब्बार
- गालिब की गज़लें सुनना

## भाग - V

**(23 से 24 तक के प्रश्नों के पाँच-पाँच अंक हैं।)**

**सूचना : 23 से 24 तक के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।** 5x1=5

23. 'ठाकुर का कुआँ' कहानी में गंगी और जोखू बात कर रहे हैं। इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें।

> गंगी बोली- "यह पानी कैसे पिओगे? न जाने कौन जानवर मरा है। कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ।" जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा "पानी कहाँ से लाएगी?" "ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे?" "हाथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा।"

24. माँ की आवाज़ फटने से बालक चार्ली चैप्लिन स्टैज पर गाने को विवश हो गया। वह नाच-गाकर लोगों की प्रशंसा का पात्र बन गया। संकेतों की सहायता से इस घटना पर एक **रपट** तैयार करें और शीर्षक दें।
- माँ हेन्ना चैप्लिन की आवाज़ का फट जाना
- बालक चार्ली चैप्लिन को स्टेज पर भेजना
- चार्ली के गीत, नृत्य और अभिनय
- लोगों का अभिनंदन

-o0o-